भारत सरकार

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 493**

28 नवम्बर, 2024 को उत्तर देने के लिए

**उत्तर प्रदेश में पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत एक जिला-एक उत्पाद**

**493. सुश्री इकरा चौधरी:**
**डॉ राजकुमार सांगवानः**
**श्रीमती रुचि वीराः**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) के विभिन्न घटकों के कार्यान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश को कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

**(ख)** उक्त राज्य के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी के अंतर्गत एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) पर आधारित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को जिला-वार कितने ऋण स्वीकृत किए गए हैं;

**(ग)** उत्तर प्रदेश में ओडीओपी घटक के अंतर्गत पहचाने गए विनिर्दिष्ट उत्पादों का ब्यौरा क्या है और ऐसे उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

**(घ)** उक्त राज्य में ओडीओपी के अंतर्गत ब्रांडिंग और विपणन हेतु समर्थन प्राप्त करने वाले उत्पादों की जिला-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क)**: खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने "प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना" के विभिन्न घटकों के कार्यान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश राज्य को केंद्र के हिस्से के रूप में कुल 240.38 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

**(ख):** पीएमएफएमई योजना के क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी घटक के तहत 31 अक्टूबर 2024 तक उत्तर प्रदेश राज्य में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पर आधारित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को 1142 ऋण स्वीकृत किए गए हैं। जिलेवार विवरण **अनुबंध-I** पर हैं ।

**(ग):** राज्य सरकारों की संस्तुतियों के आधार पर उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के लिए ओडीओपी की पहचान की गई है। ओडीओपी का जिलावार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है । ऐसे उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए, पीएमएफएमई योजना के विभिन्न घटकों के तहत परियोजनाओं की मंजूरी में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) को प्राथमिकता दी जाती है । इसके अलावा, योजना की शुरुआत से ही राष्ट्रीय और राज्य स्तर के जागरूकता अभियानों जैसे कि समाचार पत्र विज्ञापन, रेडियो जिंगल्स, प्रदर्शनियाँ और एक्सपो, मिलेट मेले, क्रेता-विक्रेता बैठकों आदि के माध्यम से लाभार्थियों के बीच जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की गई हैं।

**(घ)**: पीएमएफएमई योजना के विपणन और ब्रांडिंग घटक के अंतर्गत , उत्तर प्रदेश राज्य में 4 उत्पादों के साथ 2 ब्रांड लॉन्च किए गए हैं, अर्थात मल्टीफ्लोरा हनी और लेमन हनी के लिए सहारनपुर जिले से ब्रांड मधु मंत्र और शक्कर और गुड़ मसाला मिक्स के लिए मुजफ्फरनगर जिले से ब्रांड मधुरमिठास ।

*****

**दिनांक 28 नवम्बर, 2024 को उत्तर हेतु "उत्तर प्रदेश में पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 493 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

पीएमएफएमई योजना के क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी घटक के अंतर्गत 31अक्टूबर, 2024 तक उत्तर प्रदेश राज्य में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के आधार पर सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को स्वीकृत ऋण की जिलेवार सूची

| क्रम सं. | ज़िला | स्वीकृत ऋण की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | 1 |
| 2 | अलीगढ़ | 70 |
| 3 | अंबेडकर नगर | 3 |
| 4 | अमेठी | 5 |
| 5 | औरैया | 13 |
| 6 | अयोध्या | 26 |
| 7 | आजमगढ़ | 4 |
| 8 | बागपत | 6 |
| 9 | बलिया | 14 |
| 10 | बलरामपुर | 67 |
| 11 | बाँदा | 56 |
| 12 | बाराबंकी | 15 |
| १३ | बरेली | 29 |
| 14 | बस्ती | 139 |
| 15 | भदोही | 3 |
| 16 | बिजनौर | 58 |
| 17 | बुलंदशहर | 17 |
| 18 | चंदौली | 2 |
| 19 | चित्रकूट | 31 |
| 20 | देवरिया | 2 |
| 21 | एटा | 4 |
| 22 | इटावा | 66 |
| 23 | फर्रुखाबाद | 3 |
| 24 | फतेहपुर | 8 |
| 25 | फिरोजाबाद | 1 |
| 26 | गौतम बुद्ध नगर | 11 |
| 27 | गाजियाबाद | 19 |
| 28 | गाजीपुर | 7 |
| 29 | गोंडा | 4 |
| 30 | गोरखपुर | 37 |
| ३१ | हरदोई | 7 |
| 32 | हाथरस | 2 |
| 33 | जालौन | 6 |
| 34 | जौनपुर | 24 |
| 35 | झांसी | 1 |
| 36 | कानपुर देहात | 21 |
| 37 | कानपुर नगर | 26 |
| 38 | कासगंज | 1 |
| 39 | कौशाम्बी | 1 |
| 40 | खेरी | 6 |
| 41 | कुशीनगर | 7 |

| क्रम सं. | ज़िला | स्वीकृत ऋण की संख्या |
|---|---|---|
| 42 | ललितपुर | 3 |
| 43 | लखनऊ | 23 |
| 44 | महाराजगंज | 6 |
| 45 | महोबा | 26 |
| 46 | मैनपुरी | 22 |
| 47 | मऊ | 1 |
| 48 | मेरठ | 12 |
| 49 | मिर्जापुर | 12 |
| 50 | मुरादाबाद | 13. |
| 51 | मुजफ्फरनगर | 1 |
| 52 | पीलीभीत | 10 |
| 53 | प्रतापगढ़ | 49 |
| 54 | प्रयागराज | 3 |
| 55 | रायबरेली | 9 |
| 56 | रामपुर | 4 |
| 57 | सहारनपुर | 3 |
| 58 | संभल | 3 |
| 59 | संत कबीर नगर | 49 |
| 60 | शाहजहांपुर | 12 |
| 61 | शामली | 2 |
| 62 | सिद्धार्थ नगर | 5 |
| 63 | सुल्तानपुर | 20 |
| 64 | वाराणसी | 31 |
|  | **कुल** | **1142** |

******

**अनुबंध-II**

**दिनांक 28 नवम्बर, 2024 को उत्तर हेतु "उत्तर प्रदेश में पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 493 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

उत्तर प्रदेश राज्य के 75 जिलों के लिए ओडीओपी का जिलावार विवरण

| **उत्तर प्रदेश** | | |
|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **ज़िला** | **ओडीओपी** |
| **1.** | आगरा | पेठा |
| **2.** | अलीगढ़ | दूध आधारित उत्पाद |
| **3.** | अंबेडकर नगर | मिर्च आधारित उत्पाद |
| **4.** | अमेठी | आंवला आधारित उत्पाद |
| **5.** | अमरोहा | आम आधारित उत्पाद |
| **6.** | औरैया | दूध आधारित उत्पाद (घी) |
| **7.** | अयोध्या | गुड़ |
| **8.** | आजमगढ़ | तुलसी आधारित उत्पाद |
| **9.** | बागपत | गुड़ |
| **10.** | बहराइच | केला आधारित उत्पाद |
| **11.** | बलिया | दाल आधारित उत्पाद |
| **12.** | बाँदा | तेल बीज आधारित उत्पाद |
| **13.** | बलरामपुर | मकई उत्पाद |
| **14.** | बाराबंकी | पुदीना आधारित उत्पाद |
| **15.** | बरेली | दूध आधारित उत्पाद |
| **16.** | बस्ती | काला नमक चावल |
| **17.** | भदोही | प्याज आधारित उत्पाद |
| **18.** | बिजनौर | गुड़ |
| **19.** | शाहजहांपुर | अमरूद आधारित उत्पाद |
| **20.** | बुलंदशहर | दूध आधारित उत्पाद |
| **21.** | चंदौली | टमाटर आधारित उत्पाद |
| **22.** | चित्रकूट | तेल बीज आधारित उत्पाद |
| **23.** | देवरिया | मिर्च आधारित उत्पाद |
| **24.** | एटा | कासनी |
| **25.** | इटावा | सरसों आधारित उत्पाद |
| **26.** | फर्रुखाबाद | आलू आधारित उत्पाद |
| **27.** | फतेहपुर | आंवला आधारित उत्पाद |
| **28.** | फिरोजाबाद | आलू आधारित उत्पाद |
| **29.** | गोरखपुर | काला नमक चावल |
| **30.** | जी.बी. नगर | बेकरी उत्पाद |
| **31.** | गाजियाबाद | बेकरी उत्पाद |
| **32.** | गाजीपुर | प्याज आधारित उत्पाद |
| **33.** | गोंडा | केला आधारित उत्पाद |
| **34.** | हमीरपुर | मछली आधारित उत्पाद |
| **35.** | हापुड़ | पेठा |
| **36.** | हरदोई | मूंगफली उत्पाद |
| **37.** | हाथरस | हींग |
| **38.** | जालौन | मटर आधारित उत्पाद |
| **39.** | जौनपुर | दूध आधारित उत्पाद |
| **40.** | झांसी | तुलसी आधारित उत्पाद |

| | | |
|---|---|---|
| **41.** | कन्नौज | आलू आधारित उत्पाद |
| **42.** | कानपुर देहात | दूध उत्पाद |
| **43.** | कानपुर नगर | बेकरी उत्पाद |
| **44.** | कासगंज | घी |
| **45.** | कौशाम्बी | अमरूद आधारित उत्पाद |
| **46.** | कुशीनगर | केला आधारित उत्पाद |
| **47.** | लखीमपुर खीरी | केला आधारित उत्पाद |
| **48.** | ललितपुर | हल्दी |
| **49.** | लखनऊ | आम आधारित उत्पाद |
| **50.** | महाराजगंज | काला नमक चावल |
| **51.** | महोबा | तेल बीज आधारित उत्पाद |
| **52.** | मैनपुरी | लहसुन आधारित उत्पाद |
| **53.** | मथुरा | दूध उत्पाद (पेड़ा) |
| **54.** | मऊ | आम आधारित उत्पाद |
| **55.** | मेरठ | गुड़ |
| **56.** | मिर्जापुर | टमाटर आधारित उत्पाद |
| **57.** | मुरादाबाद | शहद |
| **58.** | मुजफ्फरनगर | गुड़ |
| **59.** | पीलीभीत | गुड़ |
| **60.** | प्रतापगढ़ | आंवला आधारित उत्पाद |
| **61.** | प्रयागराज | अमरूद आधारित उत्पाद |
| **62.** | रायबरेली | आंवला आधारित उत्पाद |
| **63.** | रामपुर | पुदीना आधारित उत्पाद |
| **64.** | सहारनपुर | शहद |
| **65.** | संभल | पुदीना आधारित उत्पाद |
| **66.** | संत कबीर नगर | काला नमक चावल |
| **67.** | शाहजहांपुर | गुड़ |
| **68.** | शामली | गुड़ |
| **69.** | श्रावस्ती | केला आधारित उत्पाद |
| **70.** | सिद्धार्थ नगर | काला नमक चावल |
| **71.** | सीतापुर | आम आधारित उत्पाद |
| **72.** | सोनभद्र | टमाटर आधारित उत्पाद |
| **73.** | सुल्तानपुर | पुदीना आधारित उत्पाद |
| **74.** | उन्नाव | आम आधारित उत्पाद |
| **75.** | वाराणसी | मिर्च आधारित उत्पाद |
| **कुल** | | **75** |

*****